संख्या—cm-203
19/05/2022

अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी (मूक–बधिर) स्वर्ण पदक विजेता श्री ह्रितिक आनंद तथा देश का प्रतिनिधित्व करनेवाले अंतर्राष्ट्रीय राइफल शूटिंग खिलाड़ी (मूक–बधिर) श्री अभिषेक कुमार को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

- अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी (मूक–बधिर) श्री ह्रितिक आनंद को में ब्राजील में 1 मई से 15 मई 2022 तक आयोजित 24वीं ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक के बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 15 लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित।

- ब्राजील में आयोजित 24वीं ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक के राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर थ्री पोजिशन एवं प्रोन स्र्पद्धा में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री अभिषेक कुमार को 2 लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया सम्मानित।

पटना, 19 मई, 2022 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी (मूक–बधिर) श्री ह्रितिक आनंद तथा अंतर्राष्ट्रीय राइफल शूटिंग खिलाड़ी (मूक–बधिर) श्री अभिषेक कुमार ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी (मूक–बधिर) श्री ह्रितिक आनंद को में ब्राजील में 1 मई से 15 मई 2022 तक आयोजित 24वीं ग्रीष्मकालीन डेफ लिंपिक के बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के लिए 15 लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने में ब्राजील में 1 मई से 15 मई 2022 तक आयोजित 24वीं ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक के राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर थ्री पोजिशन एवं प्रोन स्र्पद्धा में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए श्री अभिषेक कुमार को 2 लाख रुपये का चेक एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने बधाई एवं शुभकामना देते हुये कहा कि श्री ह्रितिक आनंद ने स्वर्ण पदक जीतकर देश व राज्य का नाम रौशन किया है। श्री अभिषेक कुमार ने राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व कर राज्य का नाम रौशन किया है। इन खिलाड़ियों ने अपने अथक प्रयास एवं कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है। यह कई आगामी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने इन खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ज्ञातव्य है कि अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी (मूक–बधिर) श्री ह्रितिक आनंद श्री उदय कुमार एवं श्रीमती अंजली सिंह के सुपुत्र हैं, जो हाजीपुर, वैशाली के रहनेवाले हैं। ब्राजील में 1 मई से 15 मई 2022 तक आयोजित 24वीं ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक के बैडमिंटन प्रतियोगिता में श्री ह्रितिक आनंद ने टीम स्र्पद्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसके पूर्व इन्होंने युवा मूक–बधिर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में मिक्स डबल एवं ब्वायज डबल स्पर्द्धा में रजत प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर पर 6वीं डेफ जूनियर एवं सब जूनियर चैंपियनशिप जनवरी, 2019 में एकल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक तथा मिक्स डबल में कांस्य पदक तथा 7वीं डेफ जूनियर एवं सब जूनियर चैंपियनशिप दिसंबर, 2019 में एकल स्पर्द्धा एवं मिक्स डबल में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय राइफल शूटिंग खिलाड़ी (मूक–बधिर) श्री अभिषेक कुमार, श्री गजेंद्र गिरि तथा श्रीमती ममता देवी के सुपुत्र हैं जो बाढ़, पटना के रहनेवाले हैं। श्री अभिषेक कुमार ने ब्राजील में 1 मई से 15 मई 2022 तक आयोजित 24वीं ग्रीष्मकालीन डेफलिंपिक के राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में 50 मीटर थ्री पोजिशन एवं प्रोन स्पर्द्धा में देश का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय स्तर पर जीवी मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप वर्ष 2013 में 10 मीटर राइफल शूटिंग स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा वर्ष 2014 में 14वीं एवं वर्ष 2017 में 17वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में रजत पदक प्राप्त किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री श्री आलोक रंजन, विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी, निदेशक खेल श्री विनोद सिंह गुंजियाल, बिहार राज्य खेल विकास प्राधिकरण के महानिदेशक श्री रविंद्र शंकरण सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******